तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 15 मार्च 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 कार्यकर्ताओं को संगठन और विचारधारा की दी गई जानकारी



## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत के सामान्य सभा की बैठक 18 को

**अम्बिकापुर।** जनपद पंचायत अंबिकापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि 18 मार्च को जनपद पंचायत के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 11.30 बजे एवं सामान्य सभा की बैठक दोपहर 1.30 बजे से कार्यालय जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### विधायक टोप्पो ने पर्यटन स्थल के विकास के संबंध में पूछा प्रश्न

**अम्बिकापुर।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान क्षेत्रीय विधायक रामकुमार टोप्पों ने विधानसभा सीतापुर क्षेत्र के पर्यटन स्थलों के विकास के संबंध में पर्यटन मंत्री से प्रश्न पूछा। अपने प्रश्न में उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में पंचायतवार पर्यटन स्थलों एवं यहां उपलब्ध सुविधाओं जैसे सामुदायिक शौचालय, बैठक, पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा घेराव एवं साफ-सफाई व्यवस्था के बारे में पूछा साथ ही जहां मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं वहा सुविधाएं उपलब्ध कराने के समय की जानकारी मांगी। उन्होंने पर्यटन स्थलों पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के संबंध में भी सवाल किया। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने उनके प्रश्नों का जवाब दिया।



रमज़ान मुबारक
पच्चीसवां रोज़ा
आज का इफ्तार - 6.10 बजे
कल की सेहरी - 4.41 बजे

### चार घंटे की मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

# ई रिक्शा व डीजे साउंड सिस्टम के शो-रुम और गोदाम में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- लाखों के नुकसान का अनुमान

शनिवार को रामानुजगंज रोड पर स्थित केएन गुप्ता एजेंसी में भीषण आग लग गई। आग ई रिक्शा शो रूम और डीजे साउंड सिस्टम के गोदाम में लगी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने चार घंटे से अधिक समय तक मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। इस आगजनी में ई रिक्शा की बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, डीजे साउंड सिस्टम जलकर खाक हो गए। आगजनी में लाखों के नुकसान का हुआ है। दुकान में शोर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि रामानुजगंज रोड में संजय पार्क के समीप केएन गुप्ता की केएन गुप्ता के नाम से ई रिक्शा, इलेक्ट्रॉनिक सामान, डीजे साउंड सिस्टम का एजेंसी संचालित है। दोपहर में दुकान का गोदाम बंद था इस दौरान गोदाम से अचानक ही धूंआ निकलना शुरू हुआ और कुछ ही समय में आग ने विकराल रूप ले लिया। इस दौरान दोपहर लगबघ 2.45 बजे दमकल विभाग को आगजनी की सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद प्रभारी गुलशन तिवारी के साथ ही दमकल विभाग की टीम घटना स्थल के लिए रवाना हुई। वहीं सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची थी। दमकल की टीम ने अपने दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। इस दौरान गोदाम का शटर सामने से बंद था जिससे आग बुझाने में समस्या आ रही थी। दमकल व पुलिस की टीम ने जेसीबी की मदद से दुकान का शटर तोड़ा जिसके बाद आग बुझाने का काम शुरू किया गया। आग बुझाने के लिए पुलिस विभाग के वज्र वाहन का भी सहयोग लिया गया। दमकल की तीन टीमों ने दुकान गोदाम में आग बुझाने और बचे हुए सामानों को बाहर निकालने का प्रयास किया। इस दौरान 11 दमकल वाहनों की मदद से शाम 7 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया। आगजनी के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि शोर्ट सर्किट से दूकान के गोदाम में आग लगी थी फिलहाल नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।



शो-रूम से निकलती आग की लपटें।

### जलकर खाक हुए सामान

इस आगजनी के कारणों का पता नहीं चल सका है लेकिन बताया जा रहा है कि गोदाम में ई रिक्शा की बैटरी को चार्ज पर लगाया गया था और संभावना जताई जा रही है कि उसी दौरान शोर्ट सर्किट से आग लगी। आग लगने के बाद शो रूम में मौजूद ई रिक्शा को समय रहते हटा लिया गया जिससे कोई नुकसान नहीं हुआ लेकिन एजेंसी में ई रिक्शा की बैटरी, डीजे साउंड सिस्टम के एम्प्लीफायर, साउंड सिस्टम, माउस पैड, पोर्टेबल साउंड सिस्टम सहित अन्य सामान जलकर ख़ाक हो गये। आगजनी से संचालक को लाखों रूपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आगजनी की घटना के दौरान एनएच 343 पर जाम की स्थिति निर्मित होती रही। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस व यातायात विभाग की टीम ने घंटों मशक्कत कर आवागमन को दुरुस्त कराया।

# जब्त की गई लकड़ी और ट्रक लेकर भागा चालक, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- वन विभाग ने की थी कार्रवाई, तस्करों की तलाश जारी

क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी माफियाओं द्वारा कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए वन विभाग के कब्जे से बलपूर्वक भगा ले जाने वाले लकड़ी लोड ट्रक को बरामद करने के साथ ही पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में मुख्य लकड़ी तस्कर फरार बताए जा रहे है।

बताया जा रहा है कि विगत दिनों मुखबिर की सूचना पर वन विभाग द्वारा ग्राम मंगारी पुलिया के पास नीलगिरी लकड़ी लोड ट्रक क्रमांक यूपी 51 एटी 4464 को पकड़ा था। मौके पर मौजूद वन विभाग के अधिकारी द्वारा चालक से ट्रक में लोड लकड़ी के संबंध दस्तावेज मांगी गई पर चालक पेश नहीं कर सका जिसके बाद ट्रक को लकड़ी समेत जब्त करते हुए उसे वन विभाग सीतापुर लाया जा रहा था। इसी बीच चालक ने वाहन में खराबी का बहाना बनाकर ट्रक पुलिया के ऊपर लाकर खड़ी कर दिया, रात काफी होने की वजह से वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी ट्रक को मौके पर छोड़कर वापस सीतापुर आ गए। इसी दौरान रात करीब 2 बजे लकड़ी माफिया विशुनपुर निवासी अताउल रहमान उर्फ अनस आ. अल्लाउद्दीन रहमान अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और मौके से बलपूर्वक ट्रक लेकर फरार हो गया। दरअसल लकड़ी समेत जिस ट्रक को वन विभाग ने जब्त किया था वो अनस का था जिसे उत्तरप्रदेश भेजा जा रहा था। सुबह साढ़े चार बजे जब वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तो वहां उन्हें लकड़ी लोड ट्रक गायब मिला। लकड़ी माफिया अनस एवं उसके साथी कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए मौके से रातों रात ट्रक लेकर फरार हो चुके थे। इस घटना के बाद वन विभाग के अधिकारी राजेश बराडे ने अज्ञात ट्रक चालक समेत अनस एवं उसके साथियों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। वन विभाग द्वारा अवैध लकड़ी समेत जब्त ट्रक को मौके से बलपूर्वक भगाकर ले जाने का मामला सुर्खियों में आ गया। वन विभाग के उच्चाधिकारी समेत पुलिस प्रशासन ने इसे काफी गंभीरता से लिया और स्थानीय पुलिस को तत्काल लकड़ी से भरे ट्रक को पकड़ने के निर्देश दिए। अधिकारियों ⏭ शेष पेज 4 पर



### करंट की बाड़ लगाने वाला आरोपी भेजा गया जेल, फारेस्ट गार्ड निलंबित

**प्रतापपुर।** करंजवार जंगल में दंतैल से अपनी गेंहू की फसल सुरक्षा के लिए करंट की बाड़ लगाने वाले आरोपी किसान रामलाल पिता जगदीश (55) वर्ष को वन अधिकारियों ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत शनिवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

वन अधिकारियों ने शुक्रवार को आरोपी के घर के पास रखे पैरावट से खेत तक बिजली पहुंचाने के लिए उपयोग किए गए विद्युत तार व बाड़ में लगाए गए जीआई तार को बरामद किया था। देर शाम अधिकारियों ने आरोपी किसान को गिरफ्तार कर पूछताछ किया तो आरोपी ने फसल की सुरक्षा के लिए करंट की बाड़ लगाने का आरोप स्वीकार किया। वन अधिकारियों ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी किसान को गिरफ्तार किया था। देर होने के कारण शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका था। शुक्रवार को वन अमले ने आरोपी को कोर्ट में प्रस्तुत किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।



इधर करंट से दंतैल की मौत होने के मामले में डीएफओ दुलेश्वर साहू ने फॉरेस्ट गार्ड जीतन सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है साथ ही वन परिक्षेत्राधिकारी को नोटिस जारी कर 2 दिन के भीतर जवाब तलब किया है। उल्लेखनीय है कि लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं की समीक्षा करने की जरूरत है तथा विभाग के सोशल मीडिया ग्रुप तक सिमटे वरिष्ठ अधिकारियों को भी अपनी भूमिका का निर्वहन करने की जरूरत है। वरिष्ठ अधिकारी स्वयं की भूमिका का निर्वहन न कर सारा दोष मैदानी अमले पर मढ़ देते है। इस संबंध में उपवन मण्डलाधिकारी अशोक तिवारी ने बताया कि करंट से हाथी की मौत होने के मामले में वन मण्डलाधिकारी ने फॉरेस्ट गार्ड को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा वन परिक्षेत्राधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।



## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक



मनेन्द्रगढ़। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी द्वारा शनिवार को मनेन्द्रगढ़ में पंचायत कमेटी एवं वार्ड कमेटी के गठन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं जिले के प्रभारी जेपी श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर कांग्रेस पार्टी को और सक्रिय बनाने तथा आम जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाने पर विस्तार से चर्चा की गई, साथ ही पंचायत और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं सहित पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से पूर्व विधायक गुलाब कमरो, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेशचंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजेश साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, जिला महामंत्री रफीक मेमन, पूर्व नपा उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण श्रीमती निर्मला चतुर्वेदी, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमोल सिंह मरावी, ब्लॉक अध्यक्ष चिरमिरी शिवांश जैन, ब्लॉक अध्यक्ष जनकपुर अंकुर प्रताप सिंह, पूनम सिंह, आनंद राय, जगदीश मधुकर, राजाराम कोल, अमर सिंह सहित कांग्रेस पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में सभी नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनता के हित में संघर्ष करने का संकल्प लिया।

### अबां सहायिका के 30 पदो के लिए होगी भर्ती

**बैकुण्ठपुर**। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना बैकुंठपुर से मिली जानकारी के अनुसार जिले के 27 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए सहायिका एवं 1 पालना कार्यकर्ता तथा 2 पालना सहायिका के पदों के लिए आवा आपत्ति आमंत्रित किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र लालीमाटी, कन्टहियापारा, रेडीभावना, पटेलपारा कंचनपुर, चेरवापारा देवरी, लवानापारा, महादेवपारा हथवर, नागडोली, हरिजनपारा, बगीचापारा, सड़कपारा, पकरीपारा, खालपारा, कुंवीपारा, ट्रांसफार्मरपारा,सोनीपारा, नकटापारा, पटेलपारा सरईगहना नवापारा, जाबरटिकरा, महादेवपारा बुडार, अहिरापारा मोदीपारा, खजुरपारा, उरांवपारा, बांसपारा, पटेलपारा टेंगनी, नगर पालिका बैकुंठपुर के भट्टीपारा में वार्ड नंबर 2 के लिए 1 पालना कार्यकर्ता एवं छिन्दडांड, नगर पालिका शिवपुर चरचा के ट्रिपलरदफाई में 1-1 पालना सहायिका के पदों पर भर्ती के लिए 24 मार्च तक कार्यालयीन दिवस व समय में अपना आवा आपत्ति जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि के पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### एमपी में टॉप-10 मंत्रियों में शामिल हुए दिलीप

**अनूपपुर**। मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और कोतमा विधानसभा के विधायक दिलीप जायसवाल के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। प्रदेश सरकार में उनके उत्कृष्ट कार्यों, जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण और विकासवादी सोच के चलते उन्हें मध्यप्रदेश के टॉप-10 मंत्रियों की सूची में गौरवशाली स्थान प्राप्त हुआ है। मंत्री श्री जायसवाल न केवल कुटीर एवं ग्राम उद्योग विभाग के माध्यम से प्रदेश के छोटे उद्यमियों और शिल्पकारों को नई पहचान दिला रहे हैं बल्कि सीधी और मंडला जिले के प्रभारी मंत्री के रूप में भी वे निरंतर विकास कार्यों की निगरानी और जन समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रहे हैं। उनके कुशल नेतृत्व में इन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन देखने को मिल रहा है।

भाजपा का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग

# कार्यकर्ताओं को संगठन और विचारधारा की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज. बरबसपुर



भारतीय जनता पार्टी द्वारा नागपुर के आरके पैलेस में दो दिवसीय आवासीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले द्वारा पार्टी का ध्वज फहराकर की गई। इसके पश्चात पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्रीमती पावले ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और उनका एकात्म मानववाद का दर्शन भारतीय जनता पार्टी की मूल प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करने के साथ-साथ संगठन की कार्यपद्धति, नीति और सिद्धांतों से भी परिचित कराते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान और अनुभव को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यशाला को कुल सात सत्रों में विभाजित किया गया था। इनमें दीप प्रज्वलन, अतिथि स्वागत, उद्बोधन एवं प्रशिक्षण प्रक्रिया, कार्य विस्तार, हमारी दृष्टि व इतिहास, विकास यात्रा, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य पद्धति, सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन, सोशल मीडिया, एआई, सरल ऐप और नमो ऐप के उपयोग सहित बूथ प्रबंधन को मजबूत बनाने जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में चंपा देवी पावले, द्वारिका जायसवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, डमरू बेहरा, लखन श्रीवास्तव, अरविंद अग्रवाल और राजकुमार वधावन ने अपने विचार रखे। वहीं नागपुर मंडल की कार्यशाला प्रभारी श्रीमती सरोज यादव की भी विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम में नागपुर मंडल के पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, ओबीसी मोर्चा सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# पानी के एक-एक बूंद को संरक्षित करें

## जनभागीदारी से जलसंचय पर केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले में जल संरक्षण के अभियान को जनआंदोलन का रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की उपस्थिति में जनभागीदारी से जलसंचय अभियान पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड से आए वैज्ञानिकों ने जिले के जनप्रतिनिधियों को जल संरक्षण के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी और सरल संरचनाओं के माध्यम से जल संचय को बढ़ाने के उपाय बताए। कार्यशाला में केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञों ने बताया कि जल संरक्षण के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य रिचार्ज जोन की पहचान करना है। उन्होंने बताया कि जमीन के भीतर चट्टानों के बीच बने गैप में पानी का संग्रह आसानी से किया जा सकता है, जिससे भू-जल स्तर को तेजी से बढ़ाया जा सकता है। केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड की विशेषज्ञ महिमा अवस्थी और शिप्रा ने बताया कि



### कैसे होता है भूमिगत जल रिचार्ज

वैज्ञानिकों ने बताया कि जमीन के नीचे चट्टानों की परतों के आधार पर रिचार्ज और डिस्चार्ज जोन बनते हैं। जहां पानी जमीन के अंदर समा जाता है उसे रिचार्ज जोन कहा जाता है, जबकि जहां पानी बाहर निकल जाता है उसे डिस्चार्ज जोन कहा जाता है। कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, शिवपुर अध्यक्ष अरूण जायसवाल, पटना नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों ने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में एसडीएम बैकुंठपुर सहित जल संसाधन, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी तथा राजस्व विभाग के मैदानी कर्मचारी शामिल हुए।

कोरिया जिले का अधिकांश क्षेत्र रिचार्ज जोन में आता है। जिले की लगभग सभी ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण की संरचनाएं बनाकर भू-जल संसाधनों को मजबूत किया जा सकता है।

इस अभियान के सफल होने से जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश को भी लाभ मिलेगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि जल संरक्षण को तेजी से आगे बढ़ाकर जन आंदोलन बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते जल संरक्षण के लिए प्रयास नहीं किए गए तो आने वाला भविष्य चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को इस अभियान में नेतृत्व की भूमिका निभाने की अपील की। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि आज पानी की किल्लत एक वैश्विक समस्या बन रही है। ऐसे में हम सबकी जिम्मेदारी है कि पानी के एक-एक बूंद को संरक्षित किया जाए।

# तीन एकड़ बंजर पहाड़ पर बने 460 कंटूर ट्रेंच



**मनेन्द्रगढ़**। एमसीबी जिले की ग्राम पंचायत लोहारी में बंजर पहाड़ पर सैकड़ों कंटूर ट्रेंच बनाकर वर्षा जल संचयन की सराहनीय पहल की गई है। ग्राम पंचायत लोहारी में पंचायत के किनारे स्थित लगभग तीन एकड़ बंजर पहाड़ी क्षेत्र में वर्षा जल को रोकने के उद्देश्य से सैकड़ों कंटूर ट्रेंच बनाए गए हैं। इन संरचनाओं के माध्यम से आगामी वर्षा ऋतु में लगभग 20 लाख लीटर वर्षा जल को भूमिगत करने में मदद मिलेगी, जिससे भू-जल स्तर बढ़ने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

■ वर्षा ऋतु में 20 लाख लीटर पानी होगा संरक्षित

प्रदेश स्तर पर शुरू किए गए मोर गांव मोर पानी महाभियान में जनभागीदारी के आह्वान के बाद पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत एमसीबी जिले के जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के ग्राम लोहारी में एक बड़े खाली पहाड़ी क्षेत्र का चयन किया गया। क्षेत्र की मिट्टी और ढलान का तकनीकी आंकलन करने के बाद यहां बड़े पैमाने पर कंटूर ट्रेंच निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया। ग्रामसभा की अनुशंसा के आधार पर इस कार्य को 1 लाख 80 हजार रूपए की लागत से स्वीकृति प्रदान की गई। ग्राम पंचायत लोहारी के सरपंच मोती सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के अभियान से प्रेरित होकर पंचायत में चर्चा के बाद इस कार्य का प्रस्ताव तैयार कर जिला पंचायत कार्यालय भेजा गया। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीण श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक कार्य में भाग लिया और तकनीकी सहायक मुकुल के मार्गदर्शन में लगभग सवा हेक्टेयर क्षेत्र में कुल 460 कंटूर ट्रेंच का निर्माण पूरा किया गया। तकनीकी सहायक श्री मुकुल के अनुसार, इन कंटूर ट्रेंच के माध्यम से वर्षा ऋतु में लगभग 20 लाख लीटर वर्षा जल को भूमिगत करने में सफलता मिलेगी। क्षेत्र में औसतन प्रतिवर्ष लगभग 1000 मिलीमीटर वर्षा होती है, जिसके आधार पर पूरे निर्माण क्षेत्र में होने वाली वर्षा से प्राप्त जल को संरक्षित कर भूजल स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# कैशलेस इलाज सुविधा के लिए बजट में 100 करोड़ का प्रावधान- जायसवाल

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

छग विधानसभा में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के विभागों कि लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 6976 करोड़ 54 लाख रूपए से अधिक की अनुदान मांगे पारित हो गई है। अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए विभागीय मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं संकल्प पर आधारित होंगीं। इसमें एस-मजबूत इंस्टिट्यूशन्स (सशक्त संस्थान), ए एकेडमिक एक्सीलेंस (उत्कृष्ट अकादमिक गुणवत्ता), नेक्स्ट जनरेशन रिसर्च (नवोन्मेषी अनुसंधान), के नॉलेज क्लिनिकल



कम्पटेनेशी (कौशल एवं क्लीनिकल दक्षता), एडवाईस मेडिकल फेसिलटीज (आधुनिक चिकित्सा सुविधा), एल लाइफ सेविंग इन्फ्रास्ट्रेक्चर तथा प्रोफ्रिशनल एण्ड ट्रांसपरेंट गर्वेनेश (पारदर्शी प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी) शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब प्रस्तुत करते हुए प्रदेश के सभी शासकीय अधिकारियों- कर्मचारियों के लिए कैशलेस इलाज की योजना शुरू करने की बात कही। इसके लिए बजट में 100 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि इस प्रदेश का हर जन स्वस्थ रहे। प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों तक भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें। उन्होंने बताया कि गंभीर बीमारियों के उपचार को सुलभ बनाने के लिए प्रदेश में 25 नए डायलिसिस केन्द्र स्थापित किए जाएंगे।

# खरमास शुरू, एक महिने तक शुभ कार्यों पर विराम

**बैकुण्ठपुर**। सूर्य के मीन राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास की शुरूआत 14 मार्च से शुरू हो गई और इस दौरान एक माह तक शुभ कार्यो में विराम लग गई। जानकारी के अनुसार 14 मार्च से आगामी माह 14 अप्रै्ल तक खरमास की स्थिति रहेगी। इस दौरान सभी तरह के मांगलिक कार्य करना वर्जित किया गया है। इस तरह अब एक माह के लिए शहनाईयों की गुंज भी थम जाएगी। पंडितों के अनुसार सूर्य के मीन राशि में प्रवेश करने के साथ ही तेज कम हो जाता है, इसके चलते इस अवधि में किसी भी तरह का शुभ कार्य करना ठीक नहीं होता है। जानकारी के अनुसार खरमास लगने के साथ ही विवाह कार्य, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार, जनेउ संस्कार नहीं की जाती साथ ही नई संपत्ति की भी खरीदी करना भी शुभ नहीं होता। ऐसे में इस वर्ष मार्च के महीने में संपत्ति की खरीदी बिक्री पर असर पड़ने की पूरी संभावना है। उल्लेखनीय है कि मार्च के महीने में सबसे अधिक संपत्ति की खरीदी उपरांत रजिस्ट्री होती है, क्योंकि अगले माह से रजिस्ट्री की नई दरें लागू होती है। अब आगामी माह 14 अप्रै्ल को सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने के बाद शुभ कार्यों की शुरूआत हो सकेगी। खरमास के दौरान विवाह के मुहूर्त नहीं होने का असर विभिन्न व्यवसायों में भी

# 28,145 किसानों को मिले 5.65 करोड़

**मनेन्द्रगढ़**। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत किसानों के लिए बड़ी सौगात के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम से योजना की 22 वीं किस्त जारी कर दी। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से देशभर के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 640 करोड़ रूपए से अधिक की सम्मान राशि सीधे हस्तांतरित की गई। इस राशि का लाभ बड़ी संख्या में महिला किसानों को भी प्राप्त हुआ। इसी क्रम में एमसीबी जिले के किसानों को भी योजना का लाभ मिला। जिले के



28,145 किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से कुल 5 करोड़ 65 लाख रूपए की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। योजना के तहत प्रत्येक पात्र किसान को 2,000 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है, जिससे किसानों को खेती-किसानी से जुड़े आवश्यक कार्यों में आर्थिक सहयोग मिलेगा। प्रधानमंत्री द्वारा किस्त जारी किए जाने के अवसर पर जिले में भी पीएम किसान उत्सव दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

# स्कूलों के आसपास तंबाकू बिक्री पर प्रशासन सख्त, 8 दुकानों पर जुमार्ना

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़।



कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में स्कूलों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई के दौरान मनेन्द्रगढ़ बस स्टैंड और फव्वारा चौक क्षेत्र में स्थित दुकानों का निरीक्षण किया गया।

जांच के दौरान सरस्वती विकास विद्यालय और शासकीय गर्ल्स स्कूल के 100 गज के दायरे में संचालित किराना दुकानों, चाय ठेलों, पान दुकानों और गुमटियों में तंबाकू युक्त पदार्थों की बिक्री पाई गई। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 और 6 के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 8 पान ठेला, रेस्टोरेंट, किराना स्टोर, गुमटियों, होटल और चाय दुकानों पर कुल 2200 रूपए का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में स्कूलों के 100 गज के दायरे में तंबाकू, सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में कोटपा नोडल अधिकारी डॉ. कीर्ति चौहान, स्वास्थ्य विभाग डॉ. विक्की टोप्पो, नोडल अधिकारी एनएचए एक्ट सुश्री लक्ष्मी रजक तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन से औषधि निरीक्षक विकास लकड़ा और आलोक मिंज मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों को तंबाकू के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए जिले में इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### संसद घेराव कार्यक्रम में शामिल होने एमसीबी के 35 युवा कांग्रेसी दिल्ली रवाना

**मनेन्द्रगढ़**। युवा कांग्रेस के आह्वान पर आयोजित संसद घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एमसीबी जिले से युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दल दिल्ली के लिए रवाना हुआ। युवा कांग्रेस नेता हाफिज मेमन और स्वप्निल सिन्हा के नेतृत्व में जिले के लगभग 35 युवा कांग्रेसी उत्साह के साथ दिल्ली के लिए प्रस्थान किए। रवाना होने से पहले कार्यकर्ताओं में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संसद घेराव कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं, किसानों और आम जनता से जुड़े मुद्दों को राष्टीय स्तर पर मजबूती के साथ उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देशभर से युवा कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

# विज्ञान के प्रति बढ़ेगी रुचि, बेसरझरिया में स्थापित हुआ साइंस लर्निंग सेंटर

**बैकुण्ठपुर**। वैज्ञानिक शिक्षा के अंतर्गत छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं तार्किक मन विकसित करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न विद्यालयों में जिला शिक्षा विभाग और ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के तत्वावधान में साइंस लर्निंग सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 13 मार्च को शासकीय माध्यमिक शाला बेसरझरिया में साइंस लर्निंग सेंटर का उद्घाटन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के जिला संयोजक कमल डडसेना व्याख्याता, विशिष्ट अतिथि अमरनाथ सिंह शिक्षक व सदस्य ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी एवं सुशील कुमार शुक्ला संकुल समन्वयक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान पाठक बेसरझरिया मूरत सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रविप्रकाश डडसेना ने किया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए हुए विज्ञान के विभिन्न मॉडलों



का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित विज्ञान के मॉडल की कार्य और सिद्धांत को बच्चों द्वारा बताया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की छायाचित्र में द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि जिले में बहुत जल्द सभी माध्यमिक शालाओं में इस तरह की साइंस लर्निंग सेंटर की शुरूआत की जाएगी। जिससे बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तार्किक मन का विकास के साथ विज्ञान केप्रति रुचि भी बढ़ेगी। उन्होंने बताया अब इस लर्निंग सेंटर के माध्यम से सप्ताह में एक दिन बच्चे विज्ञान के विभिन्न शाखाओं भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान,गणित और खगोलको अब प्रयोग के माध्यम से अध्ययन करेंगे। अमरनाथ सिंह ने साइंस लर्निंग सेंटर की महत्व और शैक्षणिक गुणवत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुशील कुमार शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह साइंस लर्निंग सेंटर बच्चों के शैक्षणिक स्तर को और मजबूत करेगी, इससे बच्चों में रचनात्मक कौशल का विकास होगा। छात्रों की चेतना बढ़ेगी। छात्रों में नवाचारी सोच विकसित होगी।

### सुभाष को मिला प्रमाण पत्र और श्रवण यंत्र

**मनेन्द्रगढ़**। जिले के निवासी सुभाष पांडे लंबे समय से श्रवण दोष के कारण सुनने में कठिनाई का सामना कर रहे थे। उचित दस्तावेजों के अभाव और यूडीआईडी कार्ड न बने होने के कारण उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो रही थी। जैसे ही यह मामला समाज कल्याण विभाग के संज्ञान में आया, विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने समस्या के समाधान की पहल की। विभाग के समन्वय से स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल बोर्ड के माध्यम से श्री पांडे का परीक्षण कराया गया और मौके पर ही उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार करने की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 14 मार्च 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम
स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 मार्च 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
संपर्क
विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज़ और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाए
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप




### लखनपुर में हुआ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का युवा सम्मेलन

**लखनपुर।** विकासखंड लखनपुर के सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के युवाओं एवं स्वयंसेवकों शामिल हुए। इस अवसर पर सम्मेलन में विभाग संपर्क प्रमुख कृष्ण त्रिपाठी ने युवाओं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य, उद्देश्य और संगठन की भूमिका से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी युवाओं को संघ की शाखाओं से जुड़कर राष्ट्र, समाज और संस्कृति की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि संघ की शाखा में आकर संगठन को नजदीक से देखें और देशप्रेम, धर्म तथा संस्कृति की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की आवश्यकता है कि हम सब मिलकर एक राष्ट्र, श्रेष्ठ राष्ट्र के संकल्प को साकार करें और समाज में राष्ट्रीय चेतना को मजबूत बनाएं। इस दौरान सत्यनारायण तिवारी, डॉ. रवि भूषण पाण्डेय, यतेंद्र पाण्डेय, प्रदीप गुप्ता, हरि साहू, सुरेश गुप्ता, प्रदीप रजवाड़े, मदन सिंह, विनय सहित बड़ी संख्या में संघ के स्वयंसेवक एवं क्षेत्र के युवा उपस्थित रहे।

### पीएमश्री सेजेस में विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने हेतु बैगलेस एक्टिविटी डे




**बिश्रामपुर।** पीएम श्री सेजेस जयनगर में विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैगलेस एक्टिविटी डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राथमिक वर्ग के बच्चों ने सलाद एवं फलों की सजावट सलाद और फ्रूट डेकोरेशन कर आकर्षक प्रस्तुतियां दी। वहीं मिडिल सेक्शन के विद्यार्थियों ने ईद पोस्टर, कार्ड तथा सुंदर चित्रकारी बनाकर अपनी कला का परिचय दिया। कार्यक्रम के संचालन में प्राचार्य श्रीमती पुष्पा राय तथा पूर्व प्राचार्य वीरेन्द्र जायसवाल का मार्गदर्शन रहा। मिडिल सेक्शन की एचएम आरती गुप्ता के साथ शिक्षिका श्वेता सिंह, अनीता जायसवाल, सुजाता पांडेय, निशा मिश्रा, अंजली यादव एवं स्मृति श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में सक्रियता दिखाई। इसी प्रकार प्राथमिक विभाग की एचएम मोनिका मलिक के साथ साक्षी जायसवाल, कलावती राजवाड़े, नफीस खान, महेन्द्र मिश्रा और खलेश्वरी राजवाड़े सहित अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।विद्यालय प्रबंधन द्वारा बताया गया कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के रचनात्मक विकास, आत्मविश्वास और सीखने की रुचि को बढ़ाने में सहायक होती है।

## हेल्थ प्लस

### श्रीराम डायग्नोस्टिक एक्स रे एवं पैथोलॉजी सेंटर में निःशुल्क जांच आज

**अम्बिक्पुर।** शहर के चोपड़ा पारा रिंग रोड सेन्ट्रल बैंक के समीप संचालित श्रीराम डायग्नोस्टिक एक्स रे एवं पैथोलॉजी सेंटर की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने पर निःशुल्क जांच कैंप का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के संचालक ने बताया कि इस दौरान 15 मार्च को सुबह 7.30 बजे से 10.30 तक वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर बीपी, कम्प्लीट हिमोग्राम, ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल की जांच की जाएगी।

एक सभा कक्ष के भरोसे चल रहा पंचायत का कार्य, लोगों की बढ़ी परेशानी

# पंचायत भवन को बना दिया पीडीएस गोदाम जनप्रतिनिधियों को बैठने तक की नहीं जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

ग्राम पंचायत भवन किसी भी ग्राम पंचायत के लिए महत्वपूर्ण होता है। पंचायत भवन में न सिर्फ गांव के विकास की योजनाएं बनाई जाती बल्कि समय समय पर ग्राम सभा, ग्रामीणों के आवश्यक काम जनप्रतिनियों द्वारा किया जाता है। हैरानी की बात तो यह है कि अन्य ग्राम पंचायत की भांति ग्राम पंचायत केवटाली में भी ग्राम पंचायत भवन है लेकिन भवन को पीडीएस गोदाम बना दिया गया है। आलम यह है कि भवन मे जनप्रतिनिधियों के बैठने तक की जगह नहीं। ऐसे मे एक सभा कक्ष में ही किसी पंचायत का कार्य करने को मजबूर है।

**खास बात**

■ ग्राम पंचायत में नहीं पीडीएस भवन

जनपद पंचायत भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत केवटाली में पंचायत भवन का निर्माण किया गया है। पंचायत भवन बनने के बाद अलग-अलग कक्ष में सरपंच, सचिव सहित ग्राम पंचायत के चुने गए जनप्रतिनिधियों के कक्ष निर्धारित थे। लेकिन कुछ साल से पंचायत भवन को पीडीएस गोदाम बना देने से अब चुने हुए जनप्रतिनिधियों के बैठने तक की जगह पंचायत भवन में नहीं है। पंचायत चुनाव को लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पंचायत भवन के कक्षों में सरपंच, पंच, सचिव या पुस्तकालय के संचालन की व्यवस्था नहीं हो पाई है। पंचायत भवन के अलग-अलग कक्षों में चावल, चना और नमक जैसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान्न का भंडारण कर दिया गया है। इससे पंचायत भवन का उपयोग कार्यालय के रूप में होने के बजाय पीडीएस गोदाम के रूप में किया जा रहा है। परिणाम स्वरूप पंचायत के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को अपने ही पंचायत भवन में बैठने के लिए स्थान नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान स्थिति यह है कि ग्राम पंचायत केवटाली का पूरा काम केवल एक सभा कक्ष के सहारे चल रहा है। कई बार तो एक ही कक्ष में अलग-अलग कार्य होने के कारण लोगों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है।




पंचायत भवन, इनसेट में कक्ष में रखे राशन से भरी बोरियां।

**पीडीएस भवन की मांग**

स्थानीय लोगों का कहना है कि पीडीएस भवन की मांग लंबे समय से की जा रही है, परंतु न तो जनप्रतिनिधियों और न ही संबंधित अधिकारियों का इस समस्या की ओर ध्यान गया है। कई अधिकारी आए और चले गए, लेकिन किसी ने भी इस समस्या की ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा। पंचायत भवन को ही पीडीएस भंडारण स्थल बना दिया गया है। अगर ग्राम पंचायत में अलग से पीडीएस भवन का निर्माण हो गया तो जनप्रतिनिधि सहित गांव के लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**खुले में होती है ग्राम सभा की बैठक**

गर्मी, ठंड के दिनों में अगर ग्राम पंचायत को ग्राम सभा की बैठक आयोजित करनी पड़ती है तो भीड़ ज्यादा होती है। ऐसे में भवन के सभा कक्ष में जगह कम होने के कारण बैठक पंचायत भवन के सामने खुले मैदान या पेड के नीचे आयोजित की जाती है। परंतु बरसात में ग्राम सभा का आयोजित होने से पंचायत की बैठक भवन के एक कमरे बड़ी मुश्किल से किया जाता है जिससे पंचायत के सरकार को काफी दिक्कत होती है।

**अधिकारियों को कराया गया है अवगत**

पंचायत भवन को पीडीएस गोदाम बना देने तथा भवन में जनप्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था नहीं होने के संबंध में जनपद सीईओ को अवगत कराया गया है।जनप्रतिनिधियों को सम्मानपूर्वक पंचायत भवन में बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि पंचायत का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके।

-अनुराग सिंहदेव, उपसरपंच

# चौदह किलोग्राम गांजा के साथ नाबालिग हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अपचारी बालक को पकड़ा है जबकि उसके अन्य साथी मौके का फायदा उठाकर भाग निकले। इस दौरान पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन से 14 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी लैलूंगा से गांजा लाकर शहर में लोगों को बेचने का काम कर रहे थे। पुलिस द्वारा मामले में फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

■ साथी हुए फरार, जांच में जुटी पुलिस

बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल ने सरगुजा जिले में अवैध मादक पदार्थों की खरीद बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश गए है। इस दौरान कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बांस बाड़ी में कुछ लोग काले रंग की स्कॉर्पियो वाहन में बैठकर गांजा तस्करी के लिए ग्राहक का इन्तजार कर रहे है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घेराबंदी की लेकिन पुलिस को आता देख वाहन सवार चार लोग बांस बाड़ी का घेरा फांदकर जंगल की और भाग निकले जबकि पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 30 एफ 8689 सवार एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान स्कॉर्पियो वाहन की पिछली सीट पर बोरी में रखा हुआ 14 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वे लैलूंगा से गांजा खरीदकर लाए थे और फिर उसे पुडिया बनाकर ग्राहक को बेचने का काम कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों से 2.80 लाख रुपए का गांजा, मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन को जब्त किया है।

पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत अपराध दर्ज कर विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकान्त सिन्हा, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, सूरज राय, आरक्षक लालबाबू सिंह, अमरेश दास, जगेश्वर तिर्की, मंटू गुप्ता, शिव राजवाड़े सक्रिय रहे।

# अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम के तहत हुई स्मार्ट माताओं का ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत स्मार्ट माताओं का उन्मुखीकरण एवं सम्मेलन कार्यशाला आयोजित की गई,जिसमें संकुल अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक शालाओं की महिला शिक्षिकाएं, शाला प्रबंधन समिति की महिला सदस्य तथा स्मार्ट माताएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में सूरजपुर बीआरसी मनोज मंडल ने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने में माताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने माताओं से बच्चों की नियमित पढ़ाई, उपस्थिति और सीखने की प्रगति पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े ने कहा कि सामुदायिक सहभागिता से ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार संभव है। उन्होंने माताओं को विद्यालय की गतिविधियों से जुड़े रहने तथा बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर चंद्रकला कुशवाहा और सुनीता भगत ने प्रशिक्षण के माध्यम से माताओं को बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक गौरीशंकर पांडेय द्वारा किया गया। कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित माताओं को बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय सहयोग देने तथा शिक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया।

# नाली की ऊंचाई कम कराने नगरवासी करेंगे एनएच पर चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर किनारे एनएच द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण की ऊंचाई को लेकर शनिवार को हुई बैठक एक बार फिर असफल साबित हुई। बैठक में विभाग की ओर से कोई भी जिम्मेदार अधिकारी शामिल नहीं हुआ जिससे नगर वासियों में रोष का माहौल है। नगर वासी अब एनएच 343 में चक्का जाम करने की तैयारी में है। नगर में बन रहे नाली की ऊंचाई को लेकर नगरवासियों और सरगुजा सांसद क्षेत्रीय विधायक सहित एनएच के अधिकारियों के साथ कई बार बैठक की गई परंतु नतीजा कुछ नहीं निकला।

■ बैठक में नहीं निकला हल



शनिवार को भी नगरवासियों ने नाली की ऊंचाई को लेकर स्थानीय रेस्ट हाउस में बैठक आहूत की परंतु इस बैठक में एनएच के अधिकारी या ऐसे कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचे जो नगर वासियों को इस बात का भरोसा दे सके कि नाली की ऊंचाई को कम किया जा सके। बैठक में पहुंचे एनएच के टीम लीडर अनिल कुमार सिंह ने साफ कहा कि नगरवासियों को दिल्ली मंत्रालय जाकर नाली की ऊंचाई के संबंध में बात करनी होगी तभी कुछ हो पायेगा अन्यथा जैसा डीपीआर में है वैसा ही निर्माण किया जाएगा। नाली की ऊंचाई को कम करने हेतु कोई हल नहीं निलकता देख नगरवासी भड़क गए जिसके बाद उन्होंने राजपुर एसडीएम के नाम नाली निर्माण के अत्यधिक ऊंचाई के विरोध में चक्काजाम करने ज्ञापन सौंपा है। नगरवासियों ने सात बिंदुओं को लेकर राजपुर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंप तीन दिनों की चेतावनी दी है की यदि नगरवासियों के मंशानुरूप नाली की ऊंचाई को कम नही किया गया तो वृहद आंदोलन करते हुए एनएच 343 में चक्काजाम करने को मजबूर होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, प्रवीण अग्रवाल, प्रदीप जायसवाल, राकेश अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, पिंटू अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, छोटन गुप्ता, बंटी अम्बष्ट, रजत केसरी, सतेन्द्र अग्रवाल, शुभम सोनी, अभिषेक जायसवाल, भीम बंसल, संजय सोनी, पूरन चंद जायसवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा मोर्चा के पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

भाजपा संयुक्त मोर्चा द्वारा विधायक निवास में मोर्चा के पदाधिकारियों के सम्मान व स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के किसान मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, महिला मोर्चा तथा युवा मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों की शामिल हुए।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नालाल चौधरी शामिल हुए जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव ने की। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन एवं परिचय आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुन्नालाल चौधरी ने कहा कि भाजपा एक संगठनात्मक पार्टी है, जहां सभी मोर्चों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी मिलजुलकर कार्य करें और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं, जिससे आने वाले चुनावों में पार्टी को इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री संतोष तिवारी एवं आभार प्रकट बबलू यादव ने किया। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनिल दुबे, गोपाल साहू, जिला कोषाध्यक्ष कैलास अग्रवाल, जिला सदस्य रवि प्रताप मरावी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मंत्री अनिल गुप्ता, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह, पंकज गुप्ता, राजा सिंह, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, महामंत्री गौरव सिंह सहित वीरेंद्र रवि, सत्येंद्र यादव, बरकत अंसारी, सुरेश टोप्पो, मोनिका कुजूर, अवित यादव, राजेश नाग, अनुज यादव, रोशन गुप्ता और विजय यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हड़िया शराब व कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हडिया शराब व कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार जशपुर अंतर्गत ग्राम रजला निवासी जिगनु राम आ. स्व. थोयलो राम (46 वर्ष) 10 मार्च को हड़िया शराब पीकर घर में सो गया जिसके बाद दो-तीन दिन तक नहीं उठा। परिजन ने जिगनु के नहीं उठने पर संजीवनी 108 से जशपुर अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी उसके मुंह से झाग निकलने लगा। परिजन जिगनु को जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। परिजन ने हड़िया शराब के साथ कीटनाशक पीने का अंदेशा जाहिर किया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# अटल कुंज कार्यालय में हुई भाजपा महिला मोर्चा की बैठक

**सूरजपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की सभी मंडलों की कार्यकारिणी के विस्तार के पश्चात जिला एवं मंडल पदाधिकारियों की प्रथम बैठक भाजपा कार्यालय अटल कुंज में संपन्न हुई। बैठक में जिले के विभिन्न मंडलों से महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुई। कार्यक्रम में प्रभारी के रूप में जया कर एवं सहयोगी के रूप में प्रवीण सिंह उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर जया कर ने कहा कि महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है और जिले की महिला कार्यकर्ता संगठन को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने सभी से अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को पार्टी की नीति और रीति से अवगत कराने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने का प्रयास करें। प्रवीण सिंह ने कहा कि मंडल कार्यकारिणी के विस्तार के बाद इस प्रकार की बैठक से कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार महिलाओं के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ गांव-गांव तक पहुंचाने में महिला मोर्चा की अहम भूमिका होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने कहा कि महिला मोर्चा संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा और प्रदेश संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए सभी मिलकर कार्य करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणी पैकरा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें महतारी वंदन योजना भी शामिल है। इन योजनाओं का प्रचार-प्रसार महिला मोर्चा की बहनों के माध्यम से गांव-गांव तक किया जाना चाहिए। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूतन विश्वास ने कहा कि समाज निर्माण में महिलाओं का योगदान अतुलनीय है।




उन्होंने कहा कि मंडलों में नियुक्त नई पदाधिकारी संगठन को मजबूत करते हुए आने वाले समय में जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री देवंती साहू एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री नेहा तिवारी द्वारा किया गया। बैठक में रेखा राजलाल राजवाड़े, शशि किरण खेस, पूर्णा जायसवाल, नयन सिदार, गीता घोषाल, रमा कौर, विमला भगत, बीना गुप्ता, महराजिया सिंह, संध्या सिंह, श्यामा पांडे, पूनम देव, रुक्मणी सिंह, मोहिनी झा, पदमा जायसवाल, कविता तिवारी, देव मुनिया साहू, रोशनी सोनी, ललित तिवारी, सरोज यादव, सरोज साहू, मीना श्रीवास्तव, प्राणपति सिंह, कीर्ति दुबे, पूनम तिवारी, रंजना गुर्जर, पूजा गुप्ता, कविता सिंह, सुमन मंडल, दुर्गावती, मालती गुप्ता, नीरू गुप्ता, नीलम रजक, जय भारती, ललिता तिवारी, मीना सोनवानी, ज्योति देवांगन, रीता साहू, सोनम राजवाड़े, पायल गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थी।

# वाहन की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की मौत

**अम्बिकापुर।** मजदूर को उसके गांव छोड़कर बाइक से घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सकालो निवासी परिमल मंडल आ. स्व. प्रफूल मंडल (47 वर्ष) 13 मार्च की शाम बाइक से मजदूर को छोड़ने ग्राम कल्याणपुर गया था। मजदूर को छोड़ कर वापस लौटने लगा तभी सकालो जंगल में अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो यगा। इधर मार्ग से गुजर रहे लोगों ने युवक की हालत गंभीर देख परिजन को सूचना दी। सूचना पर परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।









## खबर संक्षेप



### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी, सूरजपुर के किसानों को मिले 20.13 करोड़

**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुवाहाटी असम में आयोजित किसान सम्मेलन से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त का ऑनलाइन अंतरण किया। प्रधानमंत्री ने देशभर के 2,47,14,98 लाख किसानों के खातों में लगभग 498.83 करोड़ रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। जिले के 1 लाख 129 किसानों के आधार सीडेड बैंक खातों में 20.13 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई, जिससे किसानों में हर्ष का वातावरण है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष तीन समान किस्तों में प्रत्येक चार माह पर 2 हजार रुपये की दर से कुल 6 हजार रुपये वार्षिक सहायता राशि दी जाती है। यह राशि किसानों को कृषि आदान सामग्री क्रय करने एवं कृषि कार्यों में सहयोग के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से सीधे खाते में भेजी जाती है। 22वीं किस्त के अवसर पर सरगुजा, सूरजपुर एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र अजिरमा में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद सरगुजा चिंतामणी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सूरजपुर के सभी 6 विकासखंडों में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों के कार्यालयों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं किसानों की उपस्थिति में प्रोजेक्टर व लैपटॉप के माध्यम से किस्त अंतरण का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। प्रत्येक विकासखंड स्तर पर लगभग 50-60 किसान उपस्थित रहे, जबकि ग्राम पंचायत एवं सहकारी समिति स्तर पर 40 कृषक सम्मिलित हुए।

### बतरा में हुई ब्लॉक कांग्रेस की बैठक संगठन विस्तार पर हुई विस्तृत चर्चा



**सोनगरा/बिश्रामपुर।** संगठन को धार देने और आगामी चुनौतियों के लिए बूथ स्तर तक तैयार करने के उद्देश्य से सलका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक बतरा में संपन्न हुई। पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े, ब्लॉक प्रभारी नवीन जायसवाल और वेद प्रकाश मिश्रा की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में ब्लॉक, मंडल, ग्राम और बूथ स्तर की कमेटियों के गठन और विस्तार पर रणनीति तैयार की गई। बैठक के दौरान ब्लॉक प्रभारियों ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के स्पष्ट निर्देश हैं कि 25 मार्च तक सभी इकाइयों का गठन अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। प्रभारियों ने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं से आपसी समन्वय और आम राय कायम कर ब्लॉक, मंडल और ग्राम समितियों की सूची तैयार करें, ताकि समय रहते प्रदेश मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी जा सके। पूर्व विधायक श्री राजवाड़े ने संगठन की मजबूती का मंत्र देते हुए कहा कि संगठन तभी मजबूत होता है जब उसकी जड़ें गहरी हों। सभी कार्यकर्ता अपने-अपने ग्राम, पारा और वार्ड स्तर पर वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ बैठें। नई कार्यकारिणी का विस्तार करते समय समाज के हर वर्ग, जाति और समुदाय के लोगों के नाम व सुझाव शामिल करें। ब्लॉक प्रभारी नवीन जायसवाल और वेद प्रकाश मिश्रा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन में हर निष्ठावान कार्यकर्ता को स्थान मिलना चाहिए। बैठक मे अभिषेक श्रीवास्तव, लालजी रजवाड़े, संतोष गुप्ता, राजेंद्र प्रताप सिंह देव, अफरोज खान, सविता, राजकुमार राजवाड़े, रमेश चौधरी ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान जनपद पंचायत भैयाथान अध्यक्ष सुलोचनी पैकरा, मनिहारी लाल पैकरा, शैलेश जैन, संजीव सिंह, मनोज साहू, बजरंगी सिंह, अख्तर खान, सरफराज खान, रंगीला, बिहारी जायसवाल, हरिलाल, हुलास, रियाज खान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष उर्मिला राजवाड़े सहित जिला, ब्लॉक और मंडल कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 1 के शेष...

### जब्त की गई लकड़ी और ट्रक...

के निर्देश के बाद पुलिस ने इस मामले में धारा 221, 218, 222, 223, 255(ए) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज करते हुए लकड़ी लोड ट्रक की पत्तासजी में जुट गई। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि जशपुर जिले के ग्राम बिमडा में लकड़ी डंप करने के बाद ट्रक लेकर चालक बलरामपुर होते हुए झारखंड भाग रहा है ऐसे में पुलिस ने घेराबंदी कर चालक को गिरफ्तार करने के साथ ही ट्रक को जब्त किया। पुलिस द्वारा नीलगिरी लकड़ी को जब्त करने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।
इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### नई खनिज नीति के तहत विभाग ने शासन को भेजा है प्रस्ताव

# पर्यावरणीय स्वीकृति के अभाव में अटका चार नई रेत खदानें खोलने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नई खनिज नीति के तहत सरगुजा में प्रस्तावित चार नई रेत खदानें शुरू करने का प्रस्ताव अटक गया है। इन खदानों के लिए अभी तक पर्यावरणीय स्वीकृति नहीं मिल पाई है। इधर रेत की वैद्य खदानों की दूरी अधिक होने के कारण तस्कर धड़ल्ले से रेत अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर रहे हैं।

**खास बात**

- ग्राम पंचायत राजापुर, हर्रमार, पोढ़ी खुर्द एवं सरगवां में रेत खदान प्रस्तावित

नगरीय क्षेत्र के साथ ही गांव-गांव में चल रहे भवन निर्माण कार्यों के कारण रेत की मांग लगातार बढ़ रही है। संभाग मुख्यालय में लगातार नई-नई आवासीय कॉलोनियां आकार ले रही हैं वहीं विभिन्न वार्डों में बड़ी संख्या में लोग पक्के मकान बनवा रहे हैं। विकासखण्ड मुख्यालयों का भी तेजी से विकास हो रहा है तथा लोग जगह-जगह मकान व दुकान बनवा रहे हैं वही ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास बन रहे हैं। शासन द्वारा भी ठेकेदारों के माध्यम से शासकीय भवनों का निर्माण विभिन्न क्षेत्रों में कराया जा रहा है। रेत प्रमुख निर्माण सामग्री में शामिल है तथा लगातार रेत की मांग बढ़ रही है। पीएम आवास के लिए शासन ने ग्रामीणों को रेत उत्खनन की छूट दे दी है। ग्रामीण अपनी सुविधा के अनुसार आसपास के नदी-नालों से रेत का उत्खनन एवं परिवहन कराते हैं लेकिन नगरीय क्षेत्रों में हो रहे निर्माण कार्यों के लिए आसानी से रेत उपलब्ध नहीं हो पाता। आवश्यकतानुसार लोग रेत परिवहन करने वाले लोगों के माध्यम से रेत खरीदते है। इधर शासन द्वारा अधिकृत रेत खदानों की दूरी अधिक होने के कारण परिवहनकर्ता आसपास के नदी-नालों से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर रहे हैं। अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के साथ ही आसानी से लोगों को रेत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खनिज विभाग ने नई खनिज नीति के तहत नई चार रेत खदानें शुरू करने का प्रस्ताव शासन को भेजा था लेकिन पर्यावरणीय स्वीकृति नहीं मिलने के कारण नई रेत खदाने खोलने का प्रस्ताव अधर में चला गया है।



फाइल फोटो

**ये हैं प्रस्तावित नई खदानें**

खनिज विभाग द्वारा नई नीति के तहत ग्राम पंचायत राजापुर, हर्रभार, पोढ़ी खुर्द एवं सरगवां में नई रेत खदाने खोलने हेतु स्थल चयन कर शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। पर्यावरणीय स्वीकृति मिलने के साथ ही अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के उपरांत ई नीलामी करने नियमानुसार ठेकेदार से अनुबंध करने की योजना थी। नई रेत खदानें खुलने से शासन के राजस्व में वृद्धि होती है साथ ही लोगों को कम खर्च में रेत आसानी से उपलब्ध हो पाता। नई खदानें खुलने से रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगता।

**सीतापुर में तीन खदानें**

शासन द्वारा सीतापुर तहसील अंतर्गत तीन रेत खदानें स्वीकृत हैं। पूर्व में इन खदानों का संचालन ठेकेदारों द्वारा किया जाता था लेकिन पूर्व की कांग्रेस सरकार ने 5 साल के लिए इन रेत खदानों के संचालन की जिम्मेदारी सम्बंधित ग्राम पंचायतों को सौंप दी गई है। संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर सहित अन्य तहसील क्षेत्रों की दूरी सीतापुर से अधिक होने के कारण परिवहन खर्च में बेतहाशा वृद्धि हो जाती है। इसका फायदा रेत तस्कर जमकर उठा रहे हैं तथा नदी-नालों से धड़ल्ले से अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर मोटी कमाई कर रहे हैं। विकासखण्ड सीतापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रतापगढ़, जजगा एवं मोहनपुर की दूरी अधिक होने के कारण आसपास के लोग ही ग्राम पंचायतों द्वारा निर्धारित शुल्क भुगतान कर रेत लेते हैं जबकि दूरस्थ क्षेत्रों के लोग निर्माण कार्यों के लिए अवैध रेत पर निर्भर है।

**चल रही है पहल**

प्रस्तावित नई रेत खदानों के पर्यावरणीय स्वीकृति की पहल चल रही है। स्वीकृति मिलते ही नियमानुसार आगे की कार्रवाई प्रारम्भ कर दी जाएगी।
-अनिल कुमार साहू, जिला खनिज अधिकारी



## दिवंगत-आरक्षक के परिवार को मिली 1 करोड़ की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- ड्यूटी जाने के दौरान हुआ था निधन, पुलिस सैलरी पैकेज के तहत मिली राशि

ड्यूटी जाने के दौरान सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए जिले के आरक्षक मसत राम पैंकरा के परिजन को पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर व एसबीआई रिजनल मैनेजर अविनाश पाणिग्रही दिवंगत आरक्षक के गृहग्राम चकेरी थाना उदयपुर जिला सरगुजा जाकर आरक्षक की धर्मपत्नी कुसुम सिंह को यह राशि चेक के माध्यम से सौंपी।

आरक्षक मसत राम पैंकरा सूरजपुर में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे और एसएसपी के गनमैन थे। उनका आकस्मिक निधन 17 सितम्बर 2025 को ड्यूटी जाने दौरान एक सड़क दुर्घटना में हो गया था। इस घटना पर पुलिस विभाग ने गहरा शोक व्यक्त किया था। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बैंक अधिकारियों के साथ 13 मार्च को आरक्षक की धर्मपत्नी कुसुम सिंह व परिजन को सांत्वना देते हुए भारतीय स्टेट बैंक शाखा से 1 करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया। यह सहायता पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत दी गई है। दिवंगत आरक्षक की धर्मपत्नी व परिजन ने आर्थिक सहायता प्राप्त होने पर छत्तीसगढ़ शासन, पुलिस प्रशासन और बैंक प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। विदित हो कि आरक्षक की आकस्मिक मृत्यु उपरान्त उनके बड़े पुत्र गणेश प्रसाद को अनुकम्पा नियुक्ति नव आरक्षक के पद पर हुई है। पुलिस सैलरी पैकेज योजना का मुख्य उद्देश्य ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी/कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके आश्रित परिवार को आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। इस दौरान डिप्टी मैनेजर प्रेमशंकर सिंह, दिवगंत आरक्षक के पिता बीर सिंह सहित परिजन मौजूद रहे।

## गैस एजेंसियों के बाहर लगी लोगों की कतार, उपभोक्ताओं में रोष

- अब बुकिंग के 25 व 45 दिन बाद मिलेगा रिफिल, बदला गया बुकिंग सॉफ्टवेयर

**अंबिकापुर।** गैस सिलेंडर की बुकिंग और सप्लाई को लेकर नियमों में हुए बदलाव के बाद अब गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की कतार दिखने लगी है। लोग सिलेंडर लेने के लिए तपती धूप में लाइन लगाकर मशक्कत कर रहे है। इस दौरान अव्यवस्था को लेकर लोगों में खासी नाराजगी है।




बता दें कि गैस सिलेंडर की बुकिंग को लेकर कुछ नियमों में परिवर्तन किए गए है। नई सॉफ्टवेयर व्यवस्था के अनुसार अब उपभोक्ता एक निश्चित अंतराल के बाद ही अगली रिफिल बुक कर सकेंगे। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ता अपनी पिछली रिफिल प्राप्ति के 45 दिन बाद ही अगली बुकिंग कर पाएंगे, जबकि शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए यह समय-सीमा 25 दिन निर्धारित की गई है। गैस वितरकों को गैस सिलेंडरो की बुकिंग अवधि 45 व 25 दिन के पश्चात केवल ऑनलाइन बुकिंग पर ओटीपी आधारित रिफिल वितरण किये जाने के निर्देश दिए। निर्धारित अवधि से पहले की गई कोई भी बुकिंग सॉफ्टवेयर द्वारा स्वीकार नहीं की जाएगी। लोगों को नई बुकिंग ऑनलाइन या ऑफलाइन कराने को कहा गया है। इसके साथ ही वर्तमान में ऑनलाइन बुकिंग की साईट भी क्रैश हो गई है। ऐसे में उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा हुआ है और लोग गैस एजेंसियों की दौड़ लगा रहे है। शहर के गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लम्बी लम्बी कतारें देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि वे सुबह से कड़ी धूप में लाइन लगाकर खड़े है लेकिन एजेंसियों द्वारा उन्हें गैस नहीं दिया जा रहा है। एजेंसी में एक दो कर्मचारी ही काम कर रहे है जबकि बाहर सैकड़ों लोगों की कतार लगी हुई है। लाइन में लगने के बाद भी लोगों को पंजीयन कराने को बोला जा रहा है जबकि ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो रही है। ऐसे में लोगों में भारी आक्रोश है। घरेलू गैस सिलेंडरों की कीमतों में इजाफा और अब नियमों में बदलाव के साथ ही गैस की किल्लत से गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लाइन बढ़ती जा रही है। अपर कलेक्टर सुनील कुमार नायक ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग पर संबंधित अधिकारियों और गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि इस प्रकार की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए। यदि कहीं भी घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भीषण गर्मी में दोपहर की पाली में परीक्षा, छात्रों-पालकों में नाराज़गी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर/सोनगरा

जिले में बढ़ती गर्मी के बीच कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षाएं दोपहर की पाली में आयोजित किए जाने से विद्यार्थियों और अभिभावकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। परीक्षा की समय-सारणी में बार-बार बदलाव कर दोपहर में परीक्षा रखे जाने से छात्रों को तेज धूप और गर्मी के बीच परीक्षा देने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार जिले में ओपन परीक्षा केंद्रों का हवाला देते हुए पूरे जिले में 9वीं और 11वीं की परीक्षाएं दोपहर की पाली में कराई जा रही हैं। जबकि जिले में गिने-चुने विद्यालय ही ऐसे हैं जहां ओपन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बताया जा रहा है कि पूरे जिले में मुश्किल से 7 से 8 विद्यालयों में ही ओपन परीक्षा केंद्र संचालित हैं, लेकिन उन्हीं के आधार पर पूरे जिले के विद्यार्थियों की परीक्षा दोपहर में आयोजित की जा रही है। अभिभावकों का कहना है कि यह व्यवस्था व्यावहारिक नहीं है और इससे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है। मार्च महीने में ही तापमान लगातार बढ़ रहा है और दोपहर के समय तेज गर्मी पड़ रही है। ऐसे में विद्यार्थियों के लिए गर्मी में परीक्षा देना काफी कठिन हो रहा है। यदि परीक्षा सुबह की पाली में आयोजित की जाए तो विद्यार्थियों को काफी राहत मिल सकती है। कई पालकों ने बताया कि छोटे बच्चों को दोपहर की तेज धूप में परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में भी परेशानी हो रही है, जिससे वे शारीरिक रूप से थकान और असहजता महसूस कर रहे हैं। इस मामले को लेकर अभिभावक वर्ग ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए परीक्षा की समय-सारणी में संशोधन किया जाए और परीक्षाएं सुबह की पाली में आयोजित की जाएं।



## जंगल में आग लगाते युवक गिरफ्तार



**अम्बिकापुर।** महुआ का सीजन शुरू होते ही ग्रामीण जंगल में आग लगाना शुरू कर दिए हैं। आग से जंगल को हो रही भारी क्षति को देखते हुए वन अमला भी मुस्तैद हो गया है तथा वनकर्मी सुबह-शाम विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर जंगल को आग से बचाने की कोशिशें कर रहे हैं। शनिवार को वन अमले ने जंगल में आग लगाने के दौरान एक ग्रामीण को गिरफ्तार किया है।

वन परिक्षेत्र बलरामपुर अंतर्गत पीपराही बीट के रामचौरा जंगल स्थित काठोपानी के पास ग्राम बरदर निवासी संतोष पिता भागीरथी सूखे पत्तों में आग लगा रहा था। इस दौरान जंगल का भ्रमण कर रहे वनकर्मियों ने तत्काल आग को बुझाया एवं आग लगाने वाले युवक को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 31 (1) घ एवं वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम की 1972 की धारा 9 के तहत गिरफ्तार किया है। उपवन मण्डलाधिकारी अनिल सिंह पैकरा ने बताया कि ग्रामीणों को महुआ संग्रहण के लिए झाड़ से सूखे पत्ते को हटाने एवं आग नहीं लगाने के संबंध में लगातार जागरूक किया जा रहा है। वन अमला सूखे पत्तों में आग लगाने वाले लोगों पर नजर रख रहा है तथा ऐसे लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## खाकी वॉरियर्स की टीम ने जीती एजीपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डिपार्टमेंटल कॉलोनी स्थित आजाद ग्राउंड में आयोजित एजीपीएल सीजन-1 टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता खाकी वारियर्स की टीम ने जीत ली है,गौरतलब है कि क्रिकेट प्रतियोगिता में नगर और आसपास के क्षेत्रों की 8 टीमों ने हिस्सा लिया,टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में खाकी वॉरियर्स और डीसीसी डिपार्टमेंटल की मजबूत टीमें आमने-सामने थीं,दोनों ही टीमों ने टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई,फाइनल मैच में खाकी वॉरियर्स के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया,बल्लेबाजी के लिए उतरी डीसीसी डिपार्टमेंटल की टीम के बल्लेबाजों ने तेज गति से रन बटोरते हुए निर्धारित 10 ओवर में 106 रन बनाए और खाकी वॉरियर्स के सामने 107 रनों का लक्ष्य रखा।

जवाब में 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी खाकी वॉरियरर्स की टीम ने संयमित शुरुआत की एवं दबाव में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर में 107 रन बनाकर जीत हासिल कर एजीपीएल सीजन-1 की ट्रॉफी पर अपना कब्ज़ा जमाया ,टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले मैन ऑफ द सीरीज अरविंद सिंह, मैन ऑफ द मैच मुकेश दर्शन, बेस्ट दशक का खेता इमाम हसन को मिला,विजेता टीम खाकी वॉरियर्स को 41 हजार रुपए नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता डीसीसी डिपार्टमेंटल को 21 हजार रुपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सूरजपुर एसएसपी प्रशांत ठाकुर उपस्थित रहे,उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम ही नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा विकसित करने का सबसे प्रभावी साधन है। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की बात कही। अन्य अतिथियों में पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े, कांग्रेस जिला कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल टिंकू, अजय गोयल, राजेश यादव, रितेश जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस पूरे टूर्नामेंट का आयोजन डिपार्टमेंटल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया।आयोजन समिति के अध्यक्ष विनोद पटेल और व्यवस्थापक सुशील सिंह ने पूरे टूर्नामेंट की व्यवस्थाओं को संभाला। मैचों में अंपायर की जिम्मेदारी अजीत सिंह, राहुल यादव, शिशिर लंका और मुकेश राणा ने निभाई।आयोजन को सफल बनाने में देव शर्मा, आयुष सिंह, धनंजय, रवि चतुर्वेदी, अविनाश सिंह, सनी सिंह, विक्की देवांगन और संजू सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## बंद पड़ी ओसीएम खदान से राखड़ चोरी के मामले में सक्रिय हुआ एसईसीएल प्रबंधन

- महाप्रबंधक ने क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी को तलब कर जानकारी मांगी, दिए आवश्यक निर्देश

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बंद हो पड़ी ओसीएम खदान की क्वारी नम्बर 1 से फ्लाई ऐश (राखड़) चोरी का मामला प्रकाश में आने के बाद एसईसीएल प्रबंधन सक्रिय हो गया है,खदान से राखड़ चोरी शीर्षक से शुक्रवार को समाचार प्रकाशित होने के बाद क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कम्पनी क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण को तलब कर जवाब मांगा है।

प्राप्त जानकारी अनुसार महाप्रबंधक को भी सूचना मिली कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा खदान क्षेत्र से राखड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार बिश्रामपुर ओसीएम खदान में कोयले का भंडार समाप्त होने के बाद बड़े भू खण्ड के रकबे में बने खतरनाक गड्ढों व गहरे क्वारी को समतल करने के लिए फ्लाई ऐश फिलिंग का कार्य कराया गया,करीब एक वर्ष तक चले इस कार्य में लगभग 13 लाख क्यूबिक मीटर राखड़ से विशाल गड्ढों को भरा गया है,अब इस पर चार फ़ीट की मिट्टी की परत डालकर पौधारोपण करने की योजना बनाई गई है। बता दें कि राखड़ चोरी की सूचना मिलने के बाद एसईसीएल प्रबंधन ने एनटीपीसी को पत्र लिखकर फ्लाई ऐश के ऊपर जल्द मिट्टी भराई कराने को कहा है ताकि आगामी बारिश से पहले पौधारोपण की तैयारी शुरू की जा सके,महाप्रबंधक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि राखड़ चोरी की घटना दोहराए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ पुलिस में नामजद शिकायत दर्ज कराई जाएगी

**कॉलोनी क्षेत्र के लोगों की मिलीभगत**

बताया जाता है कि पिछले डेढ़-दो महीने से एसईसीएल कॉलोनी क्षेत्र के कुछ स्थानीय लोग खदान क्षेत्र में पीसी मशीन,चैन माउंटेन मशीन लगाकर दिनदहाड़े फ्लाई ऐश निकाल रहे थे, इस पूरे मामले में ओसीएम खदान के मैनेजर एवं कम्पनी क्षेत्रीय अधिकारी की भूमिका सवालों के घेरे में है,क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी हर बार की तरह इस मामले में सब कुछ जानकर भी अनजान हैं,मामले में सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण ने बताया कि राखड़ चोरी होने की सूचना मिली है, इसके बाद से वे रात को स्वयं गश्ती दल के साथ निगरानी कर रहे हैं, अभी तक स्थल पर कोई बरामदगी नहीं हुई है।

### संयुक्त टीम की जांच में विभिन्न प्रतिष्ठानों से 17 सिलेंडर जब्त

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड वाड्रफनगर अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी नीर निधि नंदेहा मार्गदर्शन में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी, खाद्य निरीक्षक, पटवारी सहित संयुक्त टीम के द्वारा वाड्रफनगर के विभिन्न होटल, ढाबा, प्रतिष्ठानों में जांच की गई जांच में घरेलु गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करते हुए पाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए 17 नग बड़े गैस सिलेंडर और एक नग छोटा सिलेंडर ज़ब्त किया गया।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन

डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736



कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त,08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411